

# 48 वर्ष के हुए तुषार कपूर

मुंबई में 20 नवंबर 1976 को जन्में तुषार कपूर को अभिनय की कला विरासत में मिली. उनके पिता जीतेन्द्र फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेता हैं.तुषार अक्सर अपने पिता के साथ फिल्मों की शूटिंग देखने जाया करते थे इसलिये उनका रूझान भी फिल्मों की ओर हो गया और वह अभिनेता बनने का सपना देखने लगे.तुषार ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 2001 में प्रदर्शित फिल्म मुझे कुछ कहना है से की. इस फिल्म में तुषार ने लवर ब्वॉय की भूमिका निभायी. इस फिल्म में उनकी जोड़ी करीना कपूर के साथ काफी पसंद की गयी.फिल्म टिकट खिड़की पर हिट साबित हुयी. साथ हीं तुषार को सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेता का फिल्म फेयर पुरस्कार भी दिया गया.

तुषार कपूर ने इसके बाद क्या दिल ने कहा, जीना सिर्फ मेरे लिये, ये दिल, शर्त और गायब जैसी फिल्मों में अभिनय किया लेकिन कोई भी फिल्म टिकट खिड़की पर उनकी उम्मीदों पर खरी नही उतरी.वर्ष 2004 में तुषार को राजकुमार संतोषी की फिल्म खाकी में काम करने का अवसर मिला.अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, अजय देवगन जैसे मल्टीस्टारों के बावजूद तुषार ने अपनी छोटी सी भूमिका से दर्शकों का दिल जीत लिया.

वर्ष 2005 में प्रदर्शित फिल्म क्या कूल है हम के जरिये तुषार कपूर ने अपने आप को एक नये अंदाज में दर्शकों के सामने पेश किया.इस फिल्म में तुषार कपूर ने रितेश देशमुख के साथ जोड़ी बनाकर अपने जबरदस्त हास्य अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया.वर्ष 2012 में इस फिल्म का सीक्वल क्या सुपर कूल है हम भी बनाया गया.

वर्ष 2006 में प्रदर्शित फिल्म गोलमाल तुषार कपूर के करियर की सर्वाधिक कामयाब फिल्मों में शामिल की जाती है.रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में तुषार कपूर ने बिना कोई संवाद बोले दर्शकों को हंसाते हंसाते लोटपोट कर दिया.फिल्म की कामयाबी के बाद गोलमाल का सीक्वल गोलमाल रिटर्न और गोलमाल 3, गोलमाल अगेन भी बनाया गया है.वर्ष 2007 में प्रदर्शित फिल्म शूट आउट एट लोखंडवाला में तुषार के अभिनय का नया अंदाज दर्शकों को देखने को मिला.संजय गुप्ता के निर्देशन में बनी इस फिल्म में तुषार ने अपने नकारात्मक किरदार से दर्शकों को रोमांचित कर दिया. वर्ष 2011 में तुषार की द डर्टी पिक्चर जैसी सुपरहिट फिल्म प्रदर्शित हुयीं. वर्ष 2013 में तुषार कपूर ने सुपरहिट फिल्म शूट आउट एट बडाला में काम किया. तुषार कपूर ने 2016 में सरोगेसी के जरिए बेटे लक्ष्य का इस दुनिया में स्वागत किया था और आज अकेले ही अपने बेटे की परवरिश कर रहे हैं. वर्ष 2017 में तुषार कपूर ने सुपरहिट फिल्म गोलमाल अगेन में काम किया.तुषार को फिल्म इंडस्ट्री मे आये हुये लगभग दो दशक बीत चुके है. इस दौरान तुषार ने अपने विविधतापूर्ण किरदार से दर्शकों का मनोरंजन किया है.



# गीतांजलि मिश्रा ने डबल रोल के लिए श्रीदेवी से ली प्रेरणा

'हप्पू की उलटन पलटन' ने अपनी हंसाने वाली हरकतों के साथ दर्शकों का मनोरंजन करना जारी रखा है. इसकी कहानी दरोगा हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) उसकी पत्नी राजेश (गीतांजलि मिश्रा) और उसके अजीबोगरीब परिवार के इर्दगिर्द घूमती है. अपने हास्य और जुड़ाव बनाने वाली कहानियों के लिए मशहूर यह शो अब एक खास कहानी के साथ मनोरंजन के स्तर को कई गुना बढ़ाने के लिए तैयार है. इस बार गीतांजलि दोहरी भूमिका में नजर आयेंगी. एक नए ट्विस्ट में गीतांजलि एक ऐसा किरदार अदा करेंगी, जोकि अपने राजेश के आम किरदार से बिल्कुल अलग होगा और इसमें कॉमेडी-ड्रामा दोनों होंगे.

इस नई चुनौती के बारे में बात करते हुए गीतांजलि जिन्होंने राजेश की भूमिका निभाई है ने कहा मैं वाकई में ऐसे शो का हिस्सा बनकर खुद को बहुत खुशनसीब महसूस कर रही हूं जिसने मुझे इतने अलग हटकर किरदारों के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने का मौका दिया है. मैं हमेशा से डबल रोल करना चाहती थी और आखिरकार हप्पू की उलटन पलटन' में इसे निभाकर बहुत खुश हूं.

# अतरंगी है दिव्या खोसला कुमार की लव स्टोरी

टी सीरीज की मालकिन दिव्या खोसला कुमार आज अपना 37वां जन्मदिन मना रही हैं. दिव्या एक खूबसूरत, टैलेंटेड और ग्लैमरस अभिनेत्री के साथ-साथ निर्देशक और निर्माता भी हैं. उन्होंने अभिनय के साथ-साथ कई फिल्मों का निर्माण और निर्देशन भी किया है.


उनके जन्मदिन के अवसर पर हम उनकी लव स्टोरी के बारे में जानेंगे. हम जानेंगे कि किस तरह उनकी और भूषण कुमार की मुलाकात हुई.दिव्या का जन्म 20 नवंबर 1987 को दिल्ली में हुआ. उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एक मॉडल के रूप में की और कई म्यूजिक वीडियो में काम किया. अभिनेत्री ने तेलुगु फिल्म 'लव टुडे' से अभिनय जगत में कदम रखा. बॉलीवुड में दिव्या ने वर्ष 2004 में आई फिल्म 'अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों' से डेब्यू किया. इस बीच उन्होंने अभिनय से भी ब्रेक लिया और अपने आप को निर्देशन के लिए तैयार करने लगीं. दिव्या ने कुछ म्यूजिक वीडियो का निर्देशन करने के बाद वर्ष 2014 में आई फिल्म 'यारियां' और 2016 में आई फिल्म 'सनम रे' को निर्देशित किया.दिव्या और भूषण कुमार की लव स्टोरी भी काफी दिलचस्प है.



# आर्यन के निर्देशन में बनी पहली वेब सीरीज होगी रिलीज

बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान के बेटे आर्यन खान के निर्देशन में बनी पहली वेब सीरीज 2025 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी.

शाहरुख खान की रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और नेटफ्लिक्स ने आधिकारिक तौर पर एक अनाम बॉलीवुड सीरीज की घोषणा कर दी.इस वेब सीरीज से आर्यन खान निर्देशन की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं. सोशल मीडिया पर इस शो के रिलीज को लेकर जानकारी साझा की गई है. पोस्ट में बताया गया है कि यह सीरीज 2025 में रिलीज होगी और यह सिर्फ नेटफ्लिक्स पर ही उपलब्ध होगी. पोस्ट में लिखा है, साल 2025 में नेटफ्लिक्स और रेड चिलीज एंटरटेनमेंट एक अनोखी बॉलीवुड सीरीज के लिए एक साथ आ रहे हैं, जिसका निर्माण गौरी खान करेंगी और निर्देशन आर्यन खान करेंगे.



शाहरूख खान ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर मंगलवार को लिखा, यह एक खास दिन है, क्योंकि दर्शकों के लिए एक नई कहानी पेश की जा रही है. आज का दिन और भी ज्यादा खास इसलिए है, क्योंकि रेड चिलीज और आर्यन खान नेटफ्लिक्स पर अपनी नई सीरीज को दिखाने के लिए अपनी यात्रा पर निकल पड़े हैं. आगे बढ़ो और लोगों का मनोरंजन करो आर्यन... और याद रखो, शो बिजनेस जैसा कोई बिजनेस नहीं है!

# आशीर्वाद का कोई चेहरा होता तो मुझे लगता है रागिनी होती : बादशाह



सिंगिंग रियलिटी शो, 'इंडियन आइडल 15' के जज बादशाह ने प्रतियोगी रागिनी की तारीफ करते हुये कहा है कि अगर आशीर्वाद का कोई चेहरा होता तो मुझे लगता है वह रागिनी होती.


पिछले वीकेंड, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के लोकप्रिय सिंगिंग रियलिटी शो, 'इंडियन आइडल 15' के जज बादशाह और फैंस उस समय दंग रह गए जब औरंगाबाद की 15 वर्षीय रागिनी शिंदे को थिएटर राउंड में रिजेक्शन का सामना करना पड़ा. कई लोग इस घटनाक्रम से बेहद हैरान रह गए थे क्योंकि रागिनी का इंडियन आइडल तक का सफ़र हर तरह से वीरता भरा था. तीन साल की उम्र में, उन्होंने जीवन रक्षक बोन मैरो ट्रांसप्लांट से अपने भाई को थैलेसीमिया की चपेट से बचाया था, और खुद को एक योद्धा साबित किया था. उनका ऑडिशन हर तरह से अनूठा था; उन्होंने आशा भोसले का प्रतिष्ठित ट्रैक 'निगाहें मिलाने को जी चाहता है' गाया था, उनकी सुंदर आवाज़ और गाने के निडर चुनाव ने जजों को हैरान कर दिया था, जिसके बाद बादशाह ने उनकी तारीफ करते हुए कहा, अगर आशीर्वाद का कोई चेहरा होता तो मुझे लगता है रागिनी होती.



# वागले की दुनिया घोटालों के खिलाफ जागरुकता

**सोनी** सब का शो वागले की दुनिया - नई पीढ़ी नए किस्से लगातार प्रासंगिक कहानियों को सामने ला रहा है. इसके हालिया एपिसोड में राजेश वागले (सुमित राघवन) की बॉस कियारा (अंजू जाधव) एक भयानक वित्तीय घोटाले में फंसती दिखाई देती है. घटनाओं के एक तनावपूर्ण क्रम में घोटालेबाज जांच अधिकारी बनकर कियारा को धोखाधड़ी वाले वित्तीय लेनदेन करने के लिए प्रेरित करते हैं. शक होने पर राजेश आगे आता है और किसी भी तरह के नुकसान को रोकने की कोशिश करता है.


आम आदमी को प्रभावित करने वाले मुद्दों को संबोधित करने के लिए मशहूर वागले की दुनिया इस कहानी के लिए सोनी सब के शो पुष्पा इम्पॉसिबल की करुणा पांडे उर्फ पुष्पा से प्रेरणा लेती है. उसके साथ भी इसी तरह की धोखाधड़ी हुई थी.



# अपोलीना में दिखेगी सपनों की ऊंची उड़ान

**जब** सितारे आवाज़ देते हैं, तो केवल बहादुर ही उनका जवाब देने की हिम्मत करते हैं! एक लाजवाब कॉस्मिक ट्रिब्यूट में, कलर्स ने अपने पहले अंतरिक्ष पर आधारित ड्रामा 'अपोलीना - सपनों की ऊंची उड़ान' को सम्मान देते हुए, एक तारे का नाम अपोलीना रखकर गैलेक्टिक इतिहास रचा है. इस आकाशीय भाव के साथ, चैनल ने न केवल आकाश को रोशन किया है, बल्कि हर जगह के ड्रीमर्स के दिलों में उत्साह भी पैदा किया है, और उन्हें अपने सपनों को पूरा करने हेतु ऊंची उड़ान भरने के लिए प्रेरित किया है.

## साइंस एंड टेक्नोलॉजी



# पानी पर तैरता है अर्जेंटीना का यह द्वीप एल ओजो

अर्जेंटीना में एक रहस्यमय द्वीप है. इस द्वीप का नाम एल ओजो है जो अर्जेंटीना के दलदली पराना डेल्टा में मौजूद एक निर्जन द्वीप है. इस द्वीप की खास बात है कि यह तैरता है. यह एकदम गोल है, जो आसमान से देखने पर किसी आंख की तरह लगता है. इसके नाम का मतलब आंख ही होता है.

एक डॉक्यूमेंट्री की शूटिंग के दौरान 2016 में फिल्ममेकर्स का ध्यान एल ओजो की तरफ गया. डायरेक्टर सर्गियो न्यूस्पिलर के नेतृत्व में दल ने द्वीप के ऊपर से उड़ान भरी.

इस दौरान उन्होंने डेल्टा की कटी हुई वनस्पति के बीच द्वीप की उपस्थिति देखी. उस समय उन्होंने एक न्यूजपेपर को बताया कि हमें एकदम सटीक गोला मिला, जैसाकि हमने आसमान से देखा. उन्होंने आगे बताया कि पानी देखने में एकदम काला लग रहा था, लेकिन वास्तव में यह पारदर्शी था. डेल्टा में पानी गंदा होता है, ऐसे में साफ पानी खोजना भी दुर्लभ है. एल ओजो एक क्रिस्टल-स्पष्ट झील में तैरता है.

एल ऑब्जर्वेडर के मुताबिक कटाव की धीमी प्रक्रिया के कारण द्वीप और झील के किनारे ने एक-दूसरे के किनारों को चिकना कर दिया है. यह द्वीप तस्वीर में देखने पर छोटा लगता है, लेकिन इसका व्यास 118 मीटर है. यह द्वीप पौधों से बना है. झील की धारा के जरिए यह अपनी धुरी पर घूमता है और किनारों से चिपक जाता है. इस निरंतर गति का मतलब है कि एल ओजो ने झील को चौड़ा कर दिया और इसके किनारों के एक पूर्ण डिस्क में बदल दिया.

# तस्वीर में धरती को निहारती दिखीं सुनीता विलियम्स

नासा की प्रसिद्ध अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स पिछले छह महीनों से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसी हुई हैं. उन्हें जून में ही अपने 10 दिनों की अंतरिक्ष यात्रा के बाद वापस लौटना था, लेकिन उनके अंतरिक्ष यान में आई खराबी के कारण लैंडिंग को टालना पड़ा. इस बीच कुछ दिनों पहले अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से सुनीता विलियम्स की एक तस्वीर आई थी, जिसमें वह काफी दुबली-पतली दिखाई दे रही थीं. लेकिन, अब नासा ने उनकी एक और नई तस्वीर जारी की है, जिसने उनके स्वास्थ्य के बारे में अटकलों को शांत कर दिया है.सुनीता विलियम्स नई तस्वीर में अंतराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की खिड़की से पृथ्वी को निहारती नजर आ रही हैं. हाल में ही सुनीता विलियम्स ने किबो प्रयोगशाला मॉड्यूल में एस्ट्रोबी रोबोटिक फ्री-फ्लायर की जांच की. इस दौरान उन्होंने गेको जैसे चिपकने वाले पैड से सुसज्जित टेंटेकल जैसी रोबोटिक हैंड इंस्टॉल की. इस इंस्टॉलेशन का उद्देश्य सैटेलाइट कैप्चर तकनीक का प्रदर्शन करना है, जो भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रगति है.इंजीनियर यह अध्ययन कर रहे हैं कि सर्विसिंग या हटाने के लिए अंतरिक्ष की वस्तुओं को कैसे कैप्चर किया जाए. एस्ट्रोबी रोबोट, जो क्यूब के आकार के और टोस्टर के आकार के होते हैं, पृथ्वी पर मौजूद इंजीनियरों द्वारा दूर से



नियंत्रित किए जाते हैं. इससे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन या दूसरे सैटेलाइटों के साथ किसी अन्य उपकरणों को जोड़ने या अंतरिक्ष में मुक्त रूप से उड़ने वाली वस्तुओं को कैप्चर करने के लिए सुनीता विलियम्स के लगाए गए रोबोटिक हैंड का इस्तेमाल किया जा सकता है.

# पहली बार भारत में शुरू होगी ब्लैक फ्राइडे सेल

**भारत** में पिछले कुछ सालों में ब्लैक फ्राइडे सेल खूब पॉपुलर हुई हैं. अमेरिका में ब्लैक फ्राइडे की शॉपिंग के साथ हॉलिडे सीजन की शुरुआत होती है. ब्लैक फ्राइडे सेल नवंबर के चौथे गुरुवार से शुरू होती है. अमेरिका से शुरू हुआ यह शॉपिंग इवेंट अब धीरे-धीरे ग्लोबली काफी पॉपुलर होने लगा है. भारत में भी ऑनलाइन और ऑफलाइन स्टोर में इस मौके पर आकर्षक डिस्काउंट ऑफर किए जाते हैं.

ब्लैक फ्राइडे सेल के दौरान ऑफलाइन और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए ऑफर्स की शुरूआत हो चुकी हैं. ब्लैक फ्राइडे पहले जहां सिंगल डे सेल हुआ करती थी. अब पिछले कुछ सालों से इस सेल की अवधि बढ़ गई है. कई सारे रिटेल प्लेटफॉर्म पर कई दिनों पहले से डील ऑफर करने लगे हैं. आने वाले दिनों अमेजन पर ब्लैक फ्राइडे सेल शुरू होने वाली है.

**ब्लैक फ्राइडे सेल डेट-** भारत में पहली बार अमेजन पर ब्लैक फ्राइडे सेल का आगाज होने जा रहा है. इस शॉपिंग फेस्टिवल सेल के 29 नवंबर तक चलने की उम्मीद है, जबकि वैश्विक बाजारों में यह 3 दिसंबर तक लाइव रहेगी. सेल में फ्लिपकार्ट, अमेजन इंडिया और टाटा क्लिक इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, होम अप्लायंसेज और तमाम कैटेगरी के प्रोडक्ट पर धमाकेदार डिस्काउंट ऑफर करेंगे.




# वनप्लस 12 की तेजी से कम हो रही कीमत

वनप्लस का नया स्मार्टफोन वनप्लस 12, जो आमतौर पर प्रीमियम रेंज में आता है, फिलहाल अमेज़न पर विशेष छूट के साथ उपलब्ध है. यह छूट किसी सेल का हिस्सा नहीं है, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि कब तक यह ऑफर मिलेगा.

अगर आप वनप्लस 12 खरीदने की सोच रहे हैं, तो यह एक बेहतरीन मौका हो सकता है. वनप्लस 12 की नई कीमत- वनप्लस 12 की असल कीमत 64,999 रुपये है, लेकिन ऑनलाइन पर अब इसे 59,500 रुपये में खरीदा जा सकता है. यानी आपको इस पर 5,499 रुपये की छूट मिल रही है. यदि आपके पास पुराना फोन है और आप एक्सचेंज ऑफर का लाभ उठाते हैं, तो आपको इस पर अतिरिक्त छूट भी मिल सकती है. इस ऑफर के कारण यह फोन खरीदने का एक शानदार अवसर है.

वनप्लस 12 के मुख्य स्पेसिफिकेशंस-

**शक्तिशाली प्रोसेसर-** वनप्लस 12 में Qualcomm Snapdragon 8 Gen 3 प्रोसेसर दिया गया है, जो इसे बहुत तेज और स्मूथ बनाता है. यह प्रोसेसर गेमिंग और मल्टीटास्किंग के लिए एक बेहतरीन विकल्प है.

**बेहतरीन डिस्प्ले-** फोन में 6.1 इंच की ProXDR डिस्प्ले दी गई है, जिसका रिफ्रेश रेट 120H5 है. इससे स्क्रीन का अनुभव बहुत ही स्मूथ और क्लीयर होता है, खासकर गेमिंग और वीडियो देखने के दौरान.

क्लीन सॉफ्टवेयर और फीचर्स- वनप्लस 12 में क्लीन सॉफ्टवेयर दिया गया है जिसमें ऐप लॉक और हाइड ऐप्स जैसे फीचर्स शामिल हैं. यह फोन न सिर्फ दिखने में आकर्षक है, बल्कि इसमें फीचर्स भी बेहतरीन हैं.

**लंबे समय तक अपडेट-** वनप्लस का दावा है कि वनप्लस 12 को 4 साल तक नए एंड्रॉइड वर्जन और 5 साल तक सिक्योरिटी अपडेट मिलते रहेंगे. इसका मतलब यह है कि आपका फोन लंबे समय तक सुरक्षित और अपडेटेड रहेगा.